हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 11 अंक : 115 देहरादून, शुक्रवार, 21 अक्टूबर, 2022 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



अपनों के बीच जोश में दिखे महामहिम भगत दा

3

## उत्तराखंड बन रहा फेवरिट फ़िल्म डेस्टिनेशन : सीएम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




देहरादून , 21 अक्टूबर ,मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हम उत्साहित है कि दुनियाभर के फिल्म निर्माताओं के लिए उत्तराखण्ड पसंदीदा शूटिंग डेस्टिनेशन के रूप में उभर रहा है। फिल्म निर्माताओं हेतु अनुकूल माहौल के तैयार करने के कारण राज्य को हर साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों से सम्मानित किया जाना एक बड़ी उपलब्धि है। प्रत्येक वर्ष राज्य में 150 से अधिक फिल्मों की शूटिंग हो रही है। उत्तराखण्ड का नैसर्गिक सौन्दर्य, फिल्म शूटिंग हेतु राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सब्सिडी, शूटिंग हेतु बेहतरीन इन्फ्रास्ट्रक्चर, इज ऑफ फिल्मिंग, उत्तराखंड फिल्म विकास परिषद द्वारा दी जारी सुविधाएं राज्य को फिल्म निर्माताओं की पहली पसन्द बना रही है।

मुख्यमंत्री आवास में फिल्म निर्माता सत्यजीत मिश्रा की फिल्म ''जान अभी बाकी है'' के मोशन पोस्टर के विमोचन के अवसर पर फिल्म की टीम को शुभकामनाएँ देते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि फिल्म निर्माताओं से अनुरोध है कि वे अपनी फिल्मों में उत्तराखण्ड के प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ ही राज्य की अनूठी लोक संस्कृति व परम्पराओं के फिल्मांकन को भी प्राथमिकता दें। फिल्म निर्माता उत्तराखण्ड में शूटिंग के दौरान अधिक से अधिक स्थानीय प्रतिभाओं, फिल्म टेक्नीश्यन व युवाओं को अवसर दें। उत्तराखण्ड में युवा प्रतिभाओं की कमी नही है। आशा है कि राज्य में फिल्म उद्योग के अधिक से अधिक विस्तार से स्थानीय प्रतिभाओं के लिए भी अवसर के नए द्वार खुलेंगे। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हम फिल्म नीति का और भी अधिक आकर्षक बनाने पर कार्य कर रहे हैं, ताकि राज्य में फिल्म निर्माण को प्रोत्साहित किया जा सके। राज्य में फिल्म शूटिंग निःशुल्क कर दी गई है। फिल्म पॉलिसी में 1.5 करोड़ रूपये की सब्सिडी की व्यवस्था कर दी गई है।

गौरतलब है कि आइजेएम प्रोडक्शन प्रा. लिमिटेड के बैनर तले बनी निर्देशक सत्यजीत मिश्रा की फिल्म ''जान अभी बाकी है'' की 95 प्रतिशत शूटिंग उत्तराखण्ड के भीमताल, नौकुचियाताल, काठगोदाम, पिथौरागढ़, मुनस्यारी, काशीपुर, बाजपुर में की गई है। फिल्म में काम कर रहे अभिनेता प्रांजल भी रूद्रपुर के निवासी है। फिल्म में अन्य कलाकार ब्रिजेन्द्र काला, स्वपनिल, राजेश जैस, रेशम टिपनिस है। फिल्म में लोकप्रिय संगीतकार अरजीत सिंह, जुबीन नौटियाल में संगीत दिया है। फिल्म में उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध झोड़ा चांचरी और हिलजात्रा का भी फिल्मांकन किया गया है।इस अवसर पर वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी भी उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री की बद्रीकेदार यात्रा के लिए आपात लैंडिंग की व्यवस्था गौचर बदला छावनी में



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 अक्टूबर , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बद्रीनाथ दौरे के दिन आपातकालीन लैंडिंग के लिए जनपद चमोली के गौचर में भी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। तमाम खुफिया एजेंसियों ने जहां हवाई पट्टी के चारों ओर अपनी पैनी नजर गाड़ दी है वहीं सुरक्षा की दृष्टि से गौचर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 21 अक्टूबर को बद्रीनाथ जाने का कार्यक्रम है। हालांकि गौचर में उनका कोई कार्यक्रम नहीं है लेकिन प्रधानमंत्री के दौरे के दिन अगर मौसम का मिजाज बिगड़ा तो उनके हवाई काफिले की गौचर हवाई पट्टी में आपातकालीन लैंडिंग कराई जा सकती है। इसके लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस व खुफिया एजेंसियों ने हवाई पट्टी को चारों ओर से घेर लिया है। परिंदा भी पैर न मार सके इसके लिए चप्पे चप्पे पर पुलिस तैनात करने की योजना बनाई गई है।कर्णप्रयाग के उपजिलाधिकारी संतोष कुमार पांडेय अपने सहयोगियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर गढ़ाए हुए हैं। अगर प्रधानमंत्री का काफिला गौचर में रुकता है तो उनके रहने खाने के लिए सीमा सड़क संगठन के अधिकारी मेस व भारत तिब्बत सीमा पुलिस वल की 8 वीं वाहिनी के अतिथि गृह में पूरी व्यवस्था कर ली गई है। खुफिया एजेंसियों ने इन अतिथि गृहों को अपने कब्जे में ले लिया है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में लगे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों का कोरोना टेस्ट भी करा लिया गया है। दरअसल 2016 में तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के केदारनाथ दौरे के दिन मौसम इतना खराब हो गया था कि उनके हवाई काफिले को गौचर हवाई पट्टी पर उतारना पड़ा था।

## प्रधानमंत्री के दौरे पर सतर्क और मुस्तैद है चमोली पुलिस : श्वेता चौबे, एसपी, चमोली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



चमोली , 21 अक्टूबर , प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्री बद्रीनाथ भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा ड्यूटी में लगे समस्त पुलिस बल को अपर पुलिस महानिदेशक वी मुरुगेशन पुलिस उपमहानिरीक्षक कृष्णकुमार वी.के. जिलाधिकारी चमोली हिमाँशु खुराना पुलिस अधीक्षक जनपद चमोली श्वेता चौबे द्वारा श्री बद्रीनाथ में एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक गढ़वाल रेंज करन सिंह नगन्याल महोदय द्वारा गौचर में ब्रीफ किया गया।

ब्रीफिंग के दौरान प्रधानमंत्री की सुरक्षा में तैनात समस्त राजपत्रित अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों से अवगत कराते हुए कुशल नेतृत्व कर कार्यक्रम को सफल सम्पन्न कराने के निर्देश दिये गये। ड्यूटीरत पुलिस बल को ड्यूटी के प्रति संवेदनशीलता बरतने तथा VVIP की सुरक्षा मापदंडो का शत प्रतिशत अनुपालन करते हुए ड्यूटी करने के निर्देश दिये गये। वी0वी0आई0पी0 मूवमैंट के दौरान मार्ग में सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबन्ध तथा वीआईपी अधिकारियों व जनता के लिए बनाये गये पार्किंग स्थल में ही वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये।

भ्रमण कार्यक्रम को सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए सुरक्षा ड्यूटी में तैनात पुलिस बल को मुस्तैद रहने, कोताही न बरतने तथा अपने आस-पास पड़ी प्रत्येक चीज को भली-भाँति चैक करने के निर्देश दिये।ड्यूटी में नियुक्त अधि0/कर्म0 गणों को आमजन के साथ मित्रवत व्यवहार करने व पूरे मनोयोग से ड्यूटी का निष्पादन कर कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया।वी0वी0आई0पी0 कार्यक्रम में आने वाले आमजन को अपने साथ केवल मोबाइल फोन लाने की अनुमति होगी, कैरी बैग / हैण्ड बैग व अन्य सामग्री को प्रतिबन्धित किया गया है। उक्त ब्रीफिंग कार्यक्रम में ड्यूटी में नियुक्त समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं पुलिस अधि./कर्मचारी मौजूद रहे।



## मोदी के आने से टूटा चार धाम के सालों का रिकॉर्ड

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




साल 2022 में अब तक 41 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। जबकि 2019 में यह संख्या करीब 35 लाख थी। हालांकि, सर्दियों की शुरुआत के साथ ही अब इस साल चार धाम यात्रा बंद होने जा रही है। रिकॉर्ड भक्त चार धाम यानी केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री पहुंच रहे हैं। खास बात यह है कि अब इन श्रद्धालुओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी नाम दर्ज होने जा रहा है. वह 21 अक्टूबर को यहां पहुंच रहे हैं। दरअसल, तीर्थयात्रियों की रिकॉर्ड संख्या को एक संकेत के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि पिछले दो वर्षों में कोरोनावायरस महामारी के दौरान उनकी संख्या में काफी गिरावट आई थी।आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में अब तक 41 लाख से ज्यादा श्रद्धालु पहुंच चुके हैं। जबकि 2019 में यह संख्या करीब 35 लाख थी। हालांकि, सर्दियों की शुरुआत के साथ ही अब इस साल चार धाम यात्रा बंद होने जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस दौरान 15 लाख तीर्थयात्री बद्रीनाथ पहुंचे, 14 लाख से ज्यादा केदारनाथ, 6 लाख से ज्यादा गंगोत्री और 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालु यमुनोत्री पहुंचे। खबर है कि प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल ही केदारनाथ में पुनर्निर्मित आदि गुरु शंकराचार्य की समाधि का उद्घाटन किया था। यहां उनकी 12 फीट की प्रतिमा भी स्थापित की गई है।



यहां भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।शुक्रवार को केदारनाथ यात्रा के दौरान पीएम मोदी यहां समाधि का दौरा करेंगे और रोपवे परियोजना की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही वह नए मंदाकिनी आस्था पथ और सरस्वती आस्था पथ का भी निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा वह प्रोजेक्ट बनाने वाले 'श्रमजीवियों' से भी बातचीत करेंगे। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को कहा कि केदारनाथ और बद्रीनाथ में सभी विकास कार्य 2023 के अंत तक पूरे कर लिए जाएंगे।

# गूगल पर ये लिखते ही वो हो जायेगा, तुरंत ट्राई कीजिये






न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 21 अक्टूबर , दिवाली का त्योहार बस आ गया है। इस बार 24 अक्टूबर 2022 को पूरी दुनिया में दीपावली मनाई जाएगी। ऐसे में इसे लेकर जगह-जगह तैयारियां की जा रही है। वहीं सर्च इंजन गूगल ( Google ) ने भी दीपावली के मौके पर अपने यूजर्स को बड़ा सरप्राइज दिया है। दरअसल, कोई भी ऑकेजन या त्योहार हो गूगल अपना इंटरफेस कुछ बदल देता है। कुछ इसी तरह दिवाली 2022 से पहले गूगल ने यूजर्स को दिवाली सरप्राइज दिया है। इसके जरिए जैसे ही आप गूगल पर कुछ सर्च करेंगे तो आपकी डिवाइस दीयों से जगमगा उठेगी। आइए आपको बताते हैं कि कैसे आप इसका आनंद उठा सकते हैं।

**ट्वीट कर दी गूगल ने जानकारी**

दरअसल, अपने इस नए फीचर के बारे में जानकारी देते हुए @GoogleIndia के ट्विटर हैंडल से एक ट्वीट किया गया। इसमें कंपनी ने अपने दिवाली सरप्राइज के बारे में जानकारी दी और बताया कि गूगल के पेज पर एक छोटा सा दिया दिखाई देगा। अगर आप इस दिए को क्लिक करेंगे, तो आपकी स्क्रीन बहुत सारे दीयों से रोशन हो जाएगी। आइए आपको बताते स्टेप बाय स्टेप की अपनी स्क्रीन को दीयों से रोशन करने के लिए आपको क्या करना होगा-

1. सबसे पहले आपको गूगल क्रोम ओपन करना होगा।

2. सर्च बॉक्स में Diwali या Diwali 2022 सर्च करें।

3. इसके बाद आपको जो भी रिजल्ट दिखाई देगा, उसके साथ बाई ओर एक दीया भी दिखाई देगा।

4. जब आप इस दीए के ऊपर क्लिक करेंगे तो आपकी पूरी स्क्रीन पर दीयें नजर आएंगे।

5. इन दीयों को जलाने के लिए आपको अपना कर्सर इन दीयों के ऊपर लेकर जाना है और जैसे ही आप एक-एक करके सारे दिए जलाएंगे आपकी पूरी स्क्रीन दियो से जगमगा उठेगी।

# अब तो मान जाइये औरतों के तेज़ दिमाग को, रिसर्च का खुलासा





न्यूज़ वायरस नेटवर्क


ब्यूरो रिपोर्ट , 21 अक्टूबर , महिलाओं में 50 साल पुराने शब्दों को भी याद रखने की क्षमता होती है। इनका दिमाग पुरुषों से ज्यादा एक्टिव होता है। नॉर्वे की बर्गन यूनिवर्सिटी में हुई एक रिसर्च में यह खुलासा हुआ है। शोध के लिए पुरुषों और महिलाओं के मानसिक कौशल पर टीम ने पिछले कई सालों का आंकड़ा इकट्ठा किया। इसके मेटा-एनालिसिस में 3 लाख 50 हजार से ज्यादा प्रतिभागियों का डेटा लिया गया था। अब तक की इस सबसे बड़ी डेटा रिसर्च में सामने आया कि महिलाओं में धाराप्रवाह तरीके से बोलने का हुनर ज्यादा होता है।पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की याददाश्त भी बेहतर होती है। महिलाएं निश्चित अक्षर या श्रेणी से शुरू होने वाले नाम और शब्द खोजने और उन्हें याद रखने में ज्यादा अच्छी होती हैं। शोधकर्ता मार्को हिरस्टीन का मानना है कि बौद्धिक कौशल के मामले में पुरुषों और महिलाओं के बीच कोई अंतर नहीं होता है। महिलाओं में दिमाग के कोर्टेक्स और लिम्बिक सिस्टम में ब्लड ज्यादा फ्लो होता है और फ्लुइड की मात्रा भी ज्यादा होती है, जिसके कारण उनका दिमाग पुरुषों से ज्यादा सक्रिय होता है।

**चेहरा याद रखने में भी महिलाएं बेहतर :** स्वीडन के करोलिंस्का इंस्टिट्यूट के एक दूसरे शोध के मुताबिक, महिलाएं चेहरा याद रखने में भी बेहतर होती हैं। हालांकि नींद की कमी, अवसाद या उम्र बढ़ने से यह प्रभावित हो सकता है। इतना ही नहीं, महिलाएं चेहरे को याद रखने और गंध जैसी संवेदी यादों को याद करने में भी बेहतर होती हैं।

# IPhone 14 में पाया जा रहा है अप्रत्याशित समस्या, ऐप्पल ने सूचित किया

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

IPhone 14 श्रृंखला के लॉन्च में कई बगों ( अप्रत्याशित समस्या ) से बाधा उत्पन्न हुई है, जिसमें उपयोगकर्ताओं को असुविधा हुई है, जिसमें एक मेलजैक बग( अप्रत्याशित समस्या ) भी शामिल है जो उपयोगकर्ताओं को मेल एप्लिकेशन तक पहुंचने से रोकता है और अन्य जो iPhone 14 प्रो पर किए गए CarPlay फोन कॉल के दौरान कम मात्रा का कारण बनते हैं। एक बार चमक स्तर कम होने पर कुछ iPhone मॉडल पर झिलमिलाहट, और मैक पर Final Cut Pro और iMovie में iPhone पर कैप्चर किए गए सिनेमैटिक मोड वीडियो को संपादित करने के कारण त्रुटि। ऐप्पल ने तब से सॉफ़्टवेयर अपडेट जारी किए हैं जो कि उठाए गए मुद्दों को हल करने के लिए प्रतीत होते हैं। सेलुलर डेटा और सिम कार्ड की कार्यक्षमता के संबंध में, ऐसा प्रतीत होता है कि iPhone 14 श्रृंखला में



एक और समस्या है।Apple ने iPhone 14, iPhone 14 Plus, iPhone 14 Pro, और iPhone 14 Pro Max के साथ एक समस्या को स्वीकार करने की सूचना दी है, ग्राहकों को एक संदेश दिखाई दे सकता है जिसमें लिखा है ₹सिम समर्थित नहीं₹ डिस्प्ले उनके हैंडसेट पर। दस्तावेज़ के अनुसार, पॉप-अप सूचना के कारण iPhone फ्रीज़ हो सकता है।कुछ iPhone X, iPhone XR, और iPhone 11 मॉडल पर टचस्क्रीन सेवा के बाद निष्क्रिय हो गई, और iPhone 14 Pro मॉडल पर बग ( अप्रत्याशित समस्या ) के कारण यह हिल गया और तीसरे पक्ष के ऐप जैसे कि TikTok, Instagram और Snapchat पर वीडियो रिकॉर्ड करते समय भी पीसने लगा। .व्यवसाय ने स्पष्ट रूप से स्वीकार किया है कि यह इस बात पर जोर देते हुए समस्या की ₹जांच₹ कर रहा है कि यह हार्डवेयर से असंबंधित है। इसके अतिरिक्त, क्यूपर्टिनो-आधारित व्यवसाय ने उपयोगकर्ताओं को अपने iOS 16 सॉफ़्टवेयर को अपडेट रखने के लिए सावधानी से प्रोत्साहित किया है। लेख के अनुसार, कंपनी यह भी सुझाव देती है कि iPhone 14 ग्राहक थोड़ी देर प्रतीक्षा करें कि चेतावनी दूर हो जाती है या नहीं।





# अपनों के बीच जोश में दिखे महामहिम भगत दा

विशेष रिपोर्ट , सलीम सैफ़ी
न्यूज़ वायरस नेटवर्क

नैनीताल, 21 अक्टूबर , उत्तराखंड प्रवास पर आए महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि उत्तराखंड की जनता के प्यार और प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति के वजह से मुझे महाराष्ट्र की सेवा करने का अवसर मिला है। मैं इस कोशिश में जुटा हूं कि महाराष्ट्र की अच्छाइयों को यहां ला सकूं। भले वह कृषि, उद्योग, विज्ञान या अन्य किसी भी क्षेत्र से जुड़ी हो।

महाराष्ट्र के गवर्नर भगत सिंह कोश्यारी की बातों में ल अलग ही जोश दिखा और उन्होंने लोगों से कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के लोगों को बताया कि मराठी और मेरे राज्य की कुमाऊं-गढ़वाली के सैकड़ों शब्द एक जैसे हैं। इसलिए हम-तुम एक ही है। साथ ही मराठी सीखने का प्रयास भी किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल बनने के बाद पहली बार हल्द्वानी पहुंचे भगत सिंह कोश्यारी का काठगोदाम सर्किट हाउस में लोगों ने भव्य स्वागत किया। विधायक, मेयर, भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के अलावा कई





संगठनों के लोग भी यहां नजर आए।

**महाराष्ट्र के लोगों को उत्तराखंड आने का दिया न्यौता :** मीडिया से बातचीत में राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने कहा कि उत्तराखंड टूरिज्म का हब होने के साथ देवभूमि भी माना जाता है। पर्यटन व धार्मिक स्थलों को देखने के लिए महाराष्ट्र से ज्यादा से ज्यादा लोग यहां पहुंचे। इस दिशा में भी प्रयास किए गए। कोश्यारी ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि महाराष्ट्र के लोग ज्यादा से ज्यादा संख्या में उत्तराखंड आकर इसे और अच्छा बनाने में अपना सहयोग देंगे।

# सीएम धामी ने राज्य कर्मियों को दिया दीवाली बोनस

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 अक्टूबर , सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य कर्मियों को दीवाली बोनस की सौगात दी है। सीएम ने दीवाली बोनस व डीए पर अपनी मुहर लगाई प्रदेश के लगभग सवा लाख अधिकारी व कर्मियों को दीवाली बोनस मिलेगा। शासन से जुड़े सूत्रों का कहना है कि बीते दिवस कैबिनेट ने बोनस व महंगाई भत्ते के लिए सीएम धामी को अधिकृत किया था।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने राज्य कर्मियों के लिए दीवाली बोनस पर मुहर लगा दी। भारत सरकार की भाँति राज्य सरकार सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों और जिला पंचायत के समूह 'ग' एवं 'घ' के कर्मचारियों और समूह 'ख' के सभी अराजपत्रित कर्मचारियों जिनका ग्रेड वेतन रू0 4800/- (पुनरीक्षित वेतन मैट्रिक्स में लेवल-8) तक है, को वर्ष 2021-22 के लिए 30 दिन की परिलब्धियों के बराबर (अधिकतम धनराशि रू0 7000/- (रू० सात हजार मात्र) की सीमा निर्धारित करते हुए उत्पादकता असंबद्ध



बोनस (तदर्थ बोनस) अनुमन्य किये जाने का राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है।ऐसे कैजुअल / दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, जिन्होंने छः कार्य दिवसीय सप्ताह वाले कार्यालयों में पिछले तीन वर्ष अथवा इससे अधिक वर्ष में हर वर्ष कम से कम 240 दिन (पांच कार्य दिवसीय सप्ताह वाले कार्यालयों के मामले में 3 या इससे अधिक वर्ष में हर वर्ष 206 दिन) कार्य किया है, उत्पादकता असंबद्ध बोनस (तदर्थ बोनस) के रूप में रू० 1184 / – की धनराशि देय होगी।इस बोनस का लाभ समूह 'ग' 'घ' व समूह 'ख' एवं कैजुअल / दैनिक वेतन भोगी लगभग 01 लाख 50 हजार से अधिक कर्मचारियों को प्राप्त होगा।उत्पादकता असंबद्ध बोनस (तदर्थ बोनस) पर लगभग रू0 120.00 करोड़ का एकमुश्त व्यय भार राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा ।

# भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया को त्वरित कराये जाएं : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 अक्टूबर , मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री धामी ने डा. राकेश कुमार को आयोग द्वारा कराई जाने वाले भर्ती परीक्षाओं की प्रक्रिया को त्वरित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री धामी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा कुशलता तथा पूर्णतः पारदर्शिता से भर्ती प्रक्रिआओं का संचालन किया जा रहा है।



उन्होंने प्रदेश के युवाओं को आश्वासन दिया है कि भर्ती परीक्षाएं पूर्णतः पारदर्शिता व निष्पक्ष तरीके से संचालित की जाएगी। युवा लगन और परिश्रम से परीक्षाओं की तैयारी करें। आयोग के अध्यक्ष डा. राकेश कुमार ने जानकारी दी कि उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग आगामी परीक्षाओं के कैलेण्डर जारी कर चुका है तथा तद्नुसार सारी तैयारियाँ पूर्ण कर ली गई है। जल्द से जल्द परीक्षाएं आयोजित की जाएगी।

# डीजीपी अशोक कुमार ने दिए कर्नाटक पुलिस को बेस्ट पुलिसिंग के टिप्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 अक्टूबर ,उत्तराखंड के डीजीपी अशोक कुमार ने कर्नाटक राज्य से अरुण चक्रवर्ती जे, ADGP DCRE कर्नाटक के नेतृत्व में आई पुलिस, अभियोजन, समाज कल्याण के अधिकारियों के साथ भेंट की और यादगार स्वरूप प्रतीक चिन्ह प्रदान किया।इससे पहले टीम के साथ पुलिस प्रशिक्षण सभागार में SC/ST उत्पीड़न से संबंधित शिकायत/एफआईआर के रजिस्ट्रेशन, पुलिस की विवेचना, विवेचना का पर्यवेक्षण, कोर्ट में ट्रायल, अभियोजन की भूमिका, पीड़ितों को आर्थिक सहायता, सुरक्षा, पुनर्वास, समाज कल्याण विभाग की भूमिका इत्यादि के संबंध में इंटरेक्शन हुआ।कर्नाटक सरकार द्वारा प्रदेश की Directorate of Civil Rights



Enforcement की इस टीम को इस विषय मे अच्छा प्रदर्शन कर रहे राज्यों के भ्रमण के लिए भेजा गया है।मकसद है कि बेहतरीन काम कर रहे पुलिस विभाग के आलाधिकारियों से उनके अनुभव और सुझाव लेकर राज्य हित में अपने अनुभव को बढ़ाना है

# निपटा लीजिए अपने सारे काम, फिर पांच दिन बंद रहेंगे बैंक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 अक्टूबर , दीपावली की रौशनी से जगमगाने को देश तैयार है। दुकानों में रौनक है बाजार सजे हैं घरों में रंगरोगन साफ-सफाई और पेंटिंग का दौर चल रहा है, क्योंकि मौका खुशियों के पर्व दीपावली का है. इसलिए घर को जगमग करने की पूरी तैयारी चल रही है. दीपवाली के अवसर पर लोग फूल-मालाओं, दीयों और रंग-बिरंगे बल्बों से घर को सजाते हैं. वहीं लोग अभी से रिश्तेदारों को देने के लिए गिफ्ट आइटम्स लेने लगे हैं. ऐसे में इन सब कामों के लिए आपको रुपयों की जरूरत होग. इसलिए अगर आपका पैसा बैंक में जमा है और आप इसे बैंक में जाकर ही निकालना चाहते हैं या फिर जमा करना चाहते हैं तो फिर जल्दी करिए क्योंकि आने वाले दिनों में बैंक लंबे समय के लिए बंद रहेंगे और आपका बैंकिंग से जुड़ा काम रुक सकता है. उत्तराखंड समेत देश अन्य राज्यों में शुक्रवार



से बैंक बंद रहेंगे.दरअसल अगर आपका कोई बैंक से जुड़ा काम है तो इसे इसी हफ्ते के शुक्रवार तक निपटा लीजिए. क्योंकि फिर दीपावली की लंबी छुट्टियां पड़ रही हैं और बैंक भी बंद रहेंगे, जिसके कारण एटीएम को छोड़ सारी बैंकिंग सर्विस बंद रहेगी. शनिवार से बुधवार के बीच बैंक बंद रहेंगे. 22 अक्टूबर को महीने का फोर्थ संडे यानी चौथा रविवार है, जिसके कारण बैंक में छुट्टी रहेगी.जबकि 23 अक्टूबर को रविवार के कारण वीकली यानी साप्ताहिक अवकाश रहेगा. 24 अक्टूबर को दीपावली, 25 अक्टूबर को गोवर्धन पूजा और 26 अक्टूबर को भाई दूज का त्यौहार मनाया जाएगा. इन दिनों में भी बैंक बंद रहेंगे. इसलिए अगर आपको बैंक जाकर ही कोई काम करना है तो उसे शुक्रवार तक निपटा लीजिए.


आज़ादी का अमृत महोत्सव
सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना
श्री केदारनाथ
श्री बदरीनाथ
देवभूमि उत्तराखण्ड
आगमन पर
प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी
का
हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन
पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
नरेन्द्र मोदी | प्रधानमंत्री
देवभूमि उत्तराखण्ड में
₹3400 करोड़ से अधिक की लागत के
सड़क एवं रोपवे परियोजनाओं का
शिलान्यास
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी
के कर कमलों द्वारा
गरिमामयी उपस्थिति
लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.)
राज्यपाल, उत्तराखण्ड
पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
डॉ. धन सिंह रावत
मंत्री, उत्तराखण्ड
तीरथ सिंह रावत
सांसद
दिनांक: 21 अक्टूबर, 2022 (शुक्रवार)
गौरीकुंड से केदारनाथ रोपवे
रोपवे की लम्बाई - 9.7 कि.मी., लागत ₹1267 करोड़
• श्रद्धालुओं की 6 से 7 घण्टे में पूरी होने वाली कठिन यात्रा अब सिर्फ आधे घण्टे में पूरी हो सकेगी।
• श्रद्धालुओं को सुगम एवं सुरक्षित यात्रा की सुविधा मिलेगी।
गोविंदघाट से हेमकुंड रोपवे
कुल लम्बाई - 12.40 कि.मी., लागत ₹1163 करोड़
• गोविन्द घाट से हेमकुंड साहिब तक 36 घण्टे में तय की जाने वाली दूरी अब मात्र 45 मिनट में पूरी की जा सकेगी।
• लाखों श्रद्धालुओं और स्थानीय निवासियों को सुगम यात्रा का लाभ मिलेगा।
माणा-माणापास राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण
कुल लम्बाई - 51 कि.मी., लागत ₹574 करोड़
• इसके बनने से साल भर सेना के वाहनों का आवागमन सम्भव हो सकेगा।
• इन मार्गों के निर्माण से सीमांत क्षेत्रों के गाँवों में बेहतर रोड कनेक्टिविटी के द्वारा आर्थिक गतिविधियों को नई दिशा मिलेगी।
जोशीमठ-मलारी राष्ट्रीय राजमार्ग चौड़ीकरण
कुल लम्बाई - 61.64 कि.मी., लागत ₹422.68 करोड़
• उत्तराखण्ड के सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन और अन्य आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।
• स्थानीय लोगों के लिए रोज़गार की नयी संभावनाओं का सृजन होगा।
सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी
www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

हिंदी दैनिक
न्यूज़ वायरस



# कोटद्वार में स्वीकृत एवं प्रस्तावित पेयजल योजनाओं पर स्पीकर खंडूड़ी ने ली बैठक

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 21 अक्टूबर , उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी पेयजल आपूर्ति की योजनाओं एवं सीवर समस्याओं के निराकरण के संबंध में पेयजल विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ बैठक की, इस दौरान पेयजल सचिव नितेश झा भी मौजूद रहे। देहरादून में अपने शासकीय आवास पर आयोजित बैठक के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में पेयजल की समस्या के निराकरण संबंधित प्रस्तावित योजनाओं को लेकर अधिकारियों से बातचीत की एवं अधिकारियों से कोटद्वार में स्वीकृत एवं प्रस्तावित पेयजल योजनाओं के बारे में जानकारी ली।



विधानसभा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत क्षेत्र में तीन ट्यूबेल एवं 8 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाए जाने के लिए शासन में लंबित प्राक्कलन को शीघ्र वित्तीय स्वीकृति दिए जाने के लिए पेयजल सचिव को कहा। वहीं विधानसभा अध्यक्ष ने जल संस्थान के अधिकारियों को 50 किलोमीटर टूटी फूटी पाइपलाइन को बदल कर नई पाइप लाइन बिछाये जाने के लिए एक हफ्ते में प्राक्कलन तैयार कर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार में अन्य 9 ट्यूबेल प्रस्तावित है जिन्हें अगले सत्र के बजट प्रस्ताव में रखने के लिए कहा। विधानसभा अध्यक्ष ने खराब व पुराने मोटर पंप सेट की जगह नए पंप सेट लगाने के लिए अपनी विधायक निधि देने की बात कही वहीं कुछ धनराशि विभाग को भी खर्च करने के लिए कहा। कोटद्वार क्षेत्र में जीर्णशीर्ण सीवर लाइन के मरम्मत के लिए 72 लाख रुपए का प्रस्ताव शासन में लंबित है उसे भी वित्तीय स्वीकृति दिए जाने के लिए पेयजल सचिव से बात की। इसके अलावा कोटद्वार में नमामि गंगे योजना के अंतर्गत स्वीकृत नाला टैपिंग एवं एसटीपी प्लांट के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए।

विधानसभा अध्यक्ष ने बैठक के दौरान पेयजल विभाग के अधिकारियों को कोटद्वार शहरी क्षेत्र में अमृत 2.0 के तहत होने वाले निर्माण कार्यों के लिए प्रस्ताव शीघ्र ही भारत सरकार को भेजने के लिए कहा। बता दे कि भारत सरकार की अमृत 2.0 योजना में शहरी क्षेत्र के हर घर को पानी कनेक्शन मिलेगा। हर घर को सीवर या सेप्टिक टैंक से जोड़ने की योजना है। इस मौके पर पेयजल सचिव नितेश झा ने विधानसभा अध्यक्ष को आश्वस्त करते हुए कहा की कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी शासन में लंबित सभी योजनाओं को शीघ्र वित्तीय स्वीकृत दी जायेगी।इस अवसर पर जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग, जल निगम के अधीक्षण अभियंता संजय सिंह, नमामि गंगे के अधीक्षण अभियंता दीपक मलिक, जल संस्थान के अधिशासी अभियंता संतोष कुमार उपाध्याय मौजूद रहे।

# केदारनाथ पहुंचे मंत्री अग्रवाल ने निर्माण कार्य का लिया जायज़ा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 21 अक्टूबर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित केदारनाथ दौरे को लेकर वित्त व संसदीय कार्य मंत्री डॉ प्रेम चंद अग्रवाल ने केदारनाथ में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।गुरुवार को मंत्री डॉ अग्रवाल ने केदारनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने देश-प्रदेश की उन्नति, खुशहाली की कामना की। इस दौरान केदारनाथ धाम में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने बाबा केदार के दर्शन को आए तीर्थ यात्रियों से यात्रा व्यवस्था की जानकारी भी हासिल की।




# उत्तराखंड मसूरी में लंढौर बाजार को 'विरासत बाजार' के रूप में विकसित किया जाएगा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

19वीं सदी की शुरुआत में स्थापित मसूरी के लंढौर बाजार को मसूरी नगर निगम (एमएमसी) द्वारा ₹विरासत बाजार₹ के रूप में विकसित किया जाएगा। लंढौर में एमएमसी द्वारा निर्मित एक नए पार्किंग स्थल का भी उद्घाटन किया गया ।एमएमसी के अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने कहा ।यह बाजार ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के दौरान स्थापित किया गया था और यह मसूरी में आने वाला पहला बाजार है। हम लंढौर बाजार को एक विरासत बाजार के रूप में विकसित करेंगे। अग्रभाग सुधार, सड़कों का कोबलिंग और उचित प्रकाश व्यवस्था इसमें उठाए गए कुछ कदम होंगे संबंध। हमारा उद्देश्य लंढौर में पर्यटकों की संख्या को



बढ़ाना भी है। एमएमसी अधिकारियों के मुताबिक इस प्रोजेक्ट के लिए पहले चरण में लंढौर चौक के पास की दुकानों के लिए कुल एक करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है। लंढौर में 60 चार पहिया और 500 दोपहिया वाहनों की क्षमता वाली एक पार्किंग का भी उद्घाटन किया गया ।गुप्ता ने कहा, ₹यह एमएमसी द्वारा मसूरी में विकसित की गई पहली पार्किंग है। आने वाले वर्ष में, हम शहर में यातायात बाधाओं को कम करने के लिए कुछ और विकसित करेंगे।₹इस बीच, लंढौर के निवासियों ने कहा कि विरासत बाजार के विकास से लंढौर में पर्यटन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। पार्किंग का उद्घाटन करने वाले एक वरिष्ठ नागरिक मोहन लाल अग्रवाल ने कहा, ₹इस कदम से पर्यटकों को लंढौर की ओर आकर्षित किया जाएगा, जिससे यहां के स्थानीय व्यवसायों को फायदा होगा। यहां बने नए पार्किंग स्थल से क्षेत्र में यातायात की समस्या को कम करने में मदद मिलेगी।




# अरे बाप रे ! पटाखे फोड़े तो हो सकती हे छह महीने की जेल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

दिवाली पर पटाखे फोड़ने पर अधिकतम छह महीने की जेल और एक लाख रुपये की सजा हो सकती है। 200 जुर्माना, पर्यावरण सचिव गोपाल राय ने किया ऐलान। एक संवाददाता सम्मेलन में अपनी टिप्पणी में उन्होंने कहा कि विस्फोटक अधिनियम की धारा 9बी के तहत राजधानी में पटाखों के निर्माण, भंडारण और बिक्री पर 5,000 रुपये तक का जुर्माना और तीन साल की जेल की सजा होगी। .स्थानीय प्रशासन ने सितंबर में अपनी दो साल पुरानी नीति को बहाल कर दिया, जिसमें दिवाली के दौरान सहित 1 जनवरी तक किसी भी तरह के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। राय ने कहा कि एक जन जागरूकता अभियान, ₹दीये जलाओ पटाखे नहीं₹, 21 अक्टूबर को शुरू किया जाएगा। दिल्ली सरकार 21 अक्टूबर को कनॉट प्लेस के सेंट्रल पार्क में 51,000 दीये जलाएगी ।मंत्री ने कहा, ₹दिल्ली में पटाखों की खरीद और फोड़ने पर भारतीय दंड संहिता के तहत 200 रुपये का जुर्माना और छह महीने की जेल होगी।₹ राय के मुताबिक, शराबबंदी को अंजाम देने के लिए 408 दस्ते बनाए गए हैं। राजस्व विभाग ने 165 टीमों का गठन किया है, दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति ने 33 टीमों का गठन किया है, और दिल्ली पुलिस में 210 टीमें सहायक पुलिस आयुक्तों के अधीन काम कर रही हैं ।मंत्री के अनुसार 16 अक्टूबर तक 188





उल्लंघन पाए गए हैं और 2,917 किलोग्राम पटाखे जब्त किए गए हैं। इसके अलावा, तीन अलग-अलग छापों में, देश की राजधानी में पुलिस ने दिवाली से पहले पांच संदिग्धों को हिरासत में लिया और 1400 किलोग्राम से अधिक पटाखे बरामद किए, अधिकारियों के अनुसार 19 अक्टूबर को।

## संपादकीय

# विदेश नीति की दिशा

कुछ समय पहले संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी पत्रकारों से कहा था कि भारत की विदेश नीति उसके हितों एवं मूल्यों पर आधारित है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी स्वतंत्र विदेश नीति के माध्यम से वैश्विक मंच पर महत्वपूर्ण उपस्थिति दर्ज करा चुका है. इस संदर्भ में विदेश मंत्री का एक और हालिया बयान बहुत अहम है. उन्होंने कहा है कि युवाओं को विदेशी मामलों में सक्रियता से दिलचस्पी रखनी चाहिए क्योंकि इसमें अवसर भी हैं और चुनौतियां भी. उनका मानना है कि अगले दशक तक भारत एक बड़ी शक्ति के रूप में विश्व पटल पर उभरेगा. बढ़ती अर्थव्यवस्था तथा ठोस विदेश नीति से हम ऐसी स्थिति में हैं कि कोई भी शक्तिशाली देश या देशों का समूह भारत को सम्मान के साथ देखता है. रूस-यूक्रेन मामले में भारत की तटस्थ नीति से अमेरिका और अनेक यूरोपीय देश असंतुष्ट भले हों, पर हाल में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान जब प्रधानमंत्री मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को स्पष्ट शब्दों में युद्ध को अनावश्यक बताते हुए बातचीत से विवाद को सुलझाने का सुझाव दिया, तो पश्चिमी देशों ने भी खुलकर उनकी प्रशंसा की. एक गोष्ठी में जयशंकर ने बताया कि हमारी विदेश नीति के तीन स्तर हैं. यह सुरक्षा केंद्रित, विकास केंद्रित और लोक केंद्रित है. नीति के तहत दस सप्ताह के लिए भी दृष्टि स्पष्ट है और दस साल के लिए भी. इससे अल्पकालिक और दीर्घकालिक निर्णय लेने तथा चुनौतियों का सामना करने में बड़ी मदद मिलती है. जिस प्रकार भू-राजनीतिक परिदृश्य तीव्र गति से परिवर्तित हो रही है, ऐसे में अगर नीतिगत स्पष्टता नहीं होगी, तो राष्ट्रीय हितों का नुकसान निश्चित है. जैसा कि जयशंकर ने रेखांकित किया है, वैश्विक गांव बन चुकी दुनिया में अगर एक जगह कुछ होता है, तो उसका असर हर जगह होता है. उदाहरण के लिए हम कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के प्रभाव को देख सकते हैं. उनकी यह बात भी गौरतलब है कि बदलती दुनिया में दो अहम घटनाक्रम चल रहा है- चीन का उभार और अमेरिका का बदलाव. पिछले कुछ समय से भारत को मैनुफैक्चरिंग हब बनाने तथा वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में हिस्सेदारी बढ़ाने पर पूरा जोर दिया जा रहा है. आर्थिक विकास के साथ कूटनीति और रणनीति को भी नये तेवर व कलेवर मिले हैं. आज आतंकवाद पर या सीमा से संबंधित गतिविधियों पर सरकार का जो रुख है, वह पहले से बिल्कुल भिन्न है. बांग्लादेश से सीमा समझौता करना सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचायक है. आतंक पर कड़े रुख के कारण हम आज अधिक सुरक्षित देश हैं. अपनी नीतियों पर भरोसा देश को निश्चित ही नयी ऊंचाइयों पर ले जायेगा.

# राजस्व पुलिस की फटकार के बाद, SC ने कहा...

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड की अब व्यापक रूप से आलोचना की जाने वाली राजस्व पुलिस पर टिप्पणी करते हुए कहा है कि राज्य सरकार ने ₹राजस्व पुलिस से बाहर निकलने के संबंध में उत्तराखंड एचसी के 2018 के फैसले को मुख्य रूप से स्वीकार कर लिया है और उक्त निर्देशों को लागू करने के लिए उचित कदम उठा रही है। और इसलिए, हम वर्तमान याचिका में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं देखते हैं।स

ुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी अंकिता भंडारी की हत्या के आलोक में आई है, जिसके बाद शीर्ष अदालत में एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया गया था। सुनवाई के दौरान सरकार ने कहा कि उसने राजस्व पुलिस व्यवस्था को खत्म करने के ब्लूप्रिंट पर काम करना शुरू कर दिया है, जिसमें इस संबंध में की जा रही तत्काल कार्रवाई का ब्योरा दिया गया है.मुख्य न्यायाधीश यूयू ललित और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) पर सुनवाई की।विशेष रूप से, उत्तराखंड एचसी ने राज्य सरकार को 2018 में पहाड़ी जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए राज्य में राजस्व पुलिस प्रणाली को खत्म करने का आदेश दिया था। राज्य सरकार इस मामले को सुप्रीम कोर्ट में ले गई और जब तक अंकिता भंडारी की हत्या ने सरकार को हिला नहीं दिया, तब तक कोई निर्णय नहीं लिया जा सका, जिसमें राजस्व पुलिस की ओर से घोर लापरवाही सामने आई।

हत्या के मामले ने सरकार को एचसी के आदेश को एससी में चुनौती देने के अपने पिछले फैसले पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया। 12 अक्टूबर को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में उन क्षेत्रों को नियमित पुलिस के अधिकार क्षेत्र में लाने का निर्णय लिया गया, जिनकी वर्तमान में राज्य में राजस्व पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है।डिप्टी एडवोकेट जनरल ने SC को बताया कि पहले चरण में महिलाओं के खिलाफ अपराध, अपहरण, साइबर अपराध आदि सहित सभी जघन्य अपराधों को जिला मजिस्ट्रेटों द्वारा नियमित पुलिस को सौंप दिया जाएगा। डीएम तीन माह के भीतर प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान का कार्य पूरा करेंगे और उसके बाद तीन माह के भीतर इन क्षेत्रों को सौंपने की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी.राज्य प्रशासन शेष क्षेत्रों के लिए विस्तृत खाका तैयार करेगा और मौजूदा पुलिस की संवर्ग संख्या के उन्नयन, पुलिस थानों और चौकियों के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करेगा। इस बीच, डीएम अपने-अपने जिलों में रिपोर्ट किए गए अपराधों पर कड़ी नजर रखेंगे और नियमित पुलिस द्वारा प्रत्येक मामले को संभालने की आवश्यकता के लिए मूल्यांकन किया जाएगा।

# भारत-नेपाल सीमा समन्वय समिति की बैठक में 17 बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा : युगल किशोर पन्त

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



रूद्रपुर 21 अक्टूबर , भारत-नेपाल सीमा समन्वय समिति की बैठक यूआईआरडीए सभागार में सम्पन्न हुई। जिसमें नेपाल के जनपद कंचनपुर तथा कैलाई व भारत के ऊधम सिंह नगर, चम्पावत, पीलीभीत तथा लखीमपुरखीरी के आला अफसरों द्वारा प्रतिभाग किया गया। नेपाल के अधिकारियों के यूआईआरडीए पहुँचने पर जिला प्रशासन ने गार्ड ऑफ ऑनर देने के साथ ही पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया तथा स्थानीय हस्तशिल्प उत्पाद भेट किये।

बैठक की शुरूआत दोनों देशों के राष्ट्रीय गान से शुरू हुई। बैठक में 17 बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त तथा मुख्य जिलाधिकारी कंचनपुर गोपाल प्रसाद आर्यल ने कहा कि भारत-नेपाल के मित्रता संबंध ऐतिहासिक व सकारात्मक रहें है तथा बहुत घनिष्ठ बने हुएं है।

उन्होंने कहा कि संबंधों को और अधिक प्रगाढ़ करने के लिए दोनो देशों की सीमावर्ती जिलों के अधिकारियों को आपस में काम करना होगा। उन्होंने कहा कि शांति एवं सुरक्षा के लिए दोनो तरफ से काम किया जाना बहुत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दोनो राष्ट्रों के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने के लिए संवाद गतिविधियों का मजबूत बना रहना अति आवश्यक है। बैठक में जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त ने कहा कि दोनो देशों की सीमा क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों में आपसी प्रेम, सद्भाव तथा सौहार्द बना रहे और आवागमन सरल व सुलभ हो। उन्होंने कहा कि नेपाल राष्ट्र के 20 नवम्बर को होने वाले संसदीय चुनाव के दौरान भी कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में हर संभव मदद की जायेगी। उन्होंने कहा कि दोनो देशों में कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा नेपाल में इलेक्शन को देखते हुए दोनो राष्ट्रों की पुलिस, एसएसबी, एवं प्रशासन के बीच एक बेहतर समन्वय होना बहुत जरूरी है।बैठक में निर्णय लिया गया कि मतदान समाप्ति से 72 घण्टे पूर्व भारत-नेपाल सीमा को सील किया जाएगा। दोनों राष्ट्रों में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए मानव तस्करों, ड्रग्स एवं मादक पदार्थ तस्करों, वन एवं वन्य जीव तस्करों अवैध गतिविधियों में शामिल व्यक्तियों की सूची आपस में साझा की जायगी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर संयुक्त रूप से पैनी नज़र रखी जायेगी। सूचनाओं के तेजी से आदान प्रदान हेतु व्हाट्सअप ग्रुप बनाया जायेगा, उच्चाधिकारियों के साथ ही निचले स्तर के अधिकारी भी आपसी समन्वय से कार्य करेंगे। भारत-नेपाल सीमा पर मिसिंग प्लरों का संयुक्त सर्वे किया जायेगा। नेपाल के कंचनपुर एवं कैलाली में पोस्टल हाईवे को पूरा करने में नियमानुसार हर संभव मदद की जायेगी। इसके साथ ही भारत-नेपाल मैत्री बस सेवा, नो मैन्स लैण्ड पर अतिक्रमण, कस्टम, खाद तथा अन्य उत्पादों की तस्करी, जाली नोटो के प्रवाह एवं तस्करी, वाहनों की तस्करी, जन सामान्य की आवाजी, कानून व्यवस्था, वीवीआईपी तथा गणमान्य व्यक्तियों के दौरे आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक का संचालन मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने किया।

बैठक में एसएसपी मंजूनाथ टीसी, मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा, कमानडेन्ट एसएसबी अनिल कुमार, अपर जिलाधिकारी चम्पावत हेमन्त कुमार वर्मा, एडीएम पीलीभीत सूरज यादव, अपर जिलाधिकारी यूएसएन जय भारत सिंह, उप जिलाधिकारी लखीमपुर खीरी कार्तिकेय सिंह, नेपाल की ओर से मुख्य जिलाधिकारी कंचनपुर गोपाल प्रसाद आर्यल, मुख्य जिलाधिकारी कैलाली किरन थापा, सीएसओ सुदर्शन सिंह, एसीडीओ अशोक कुमार भण्डारी, एसपी श्याम सिंह चौधरी, अम्मार बहादुर, सामेन्द्र सिंह राठौर, धन बहादुर सिंह, डीआईडी पवन जोशी, चीफ कस्टम ऑफीसर धुरबाराज बीके, राजेन्द्र कुमार हमाल अलावा स्थानीय स्तर से उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, एसपी सिटी मनोज कत्याल आदि उपस्थित थे।

# डिजास्टर मैनेजमेंट में थ्योरी से अधिक प्रैक्टिकल को महत्व देना है : पुष्कर सिंह धामी

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 21 अक्टूबर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदाओं के प्रभाव को कम करने हेतु पूर्व तैयारी ही आपदाओं से बचने का उपाय है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य में डिजास्टर मैनेजमेंट पर होनी वाली तमाम कार्यशालाओं में आने वाले निष्कर्ष सिर्फ थ्योरी तक सीमित नही रहने चाहिए बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के समय उपयोगी सिद्ध होने चाहिए। कार्यशालाओं के यह निष्कर्ष मुख्यमंत्री कार्यालय को भी ससमय उपलब्ध कराए जाए ताकि इन अनुभवों को समय पर उपयोग किया जा सके। सीएम श्री धामी ने कहा कि हमें डिजास्टर मैनेजमेंट में थ्योरी से अधिक प्रैक्टिकल को महत्व देना है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन संस्थान तथा उत्तराखण्ड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल के साझे प्रयासों से '' Reducing Risk: Capacity Building in the Mountain States₹ पर आयोजित कार्यशाला में वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड सहित हिमालयी राज्य आपदाओं की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न खतरों के बीच पर्वतीय राज्यों की आपदा से लड़ने की चुनौती और भी बढ़ी है। जलवायु परिवर्तन से ग्लेशियरों की पिघलने की गति तेज हुई है। पेयजल स्रोत व्यापक रूप से सूखने लगे हैं। भविष्य में होने वाले बड़े संघर्ष का कारण पेयजल भी हो सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ आपदा के बाद राज्य सरकार द्वारा चिकित्सा सुविधाओं, सशक्त संचार व्यवस्था, आल वेदर रोड, हेलीपैड्स के निर्माण, शहरी नियोजन जैसे पुनर्निर्माण कार्यों पर विशेष ध्यान दिया गया, फिर भी राज्य के बहुमूल्य संसाधन व समय इस आपदा से उबरने में लगा। केदारनाथ आपदा के उपरान्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पुनर्निर्माण कार्यों को युद्धस्तर पर सम्पादित किया गया, जिसके कारण ही बहुत कम समय में उत्तराखण्ड देवभूमि की पहचान बाबा केदार की स्थली का न केवल पुनर्निर्माण किया गया, बल्कि बाबा केदार के धाम को एक विहंगम एवं अलौकिक स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान से अपेक्षा की कि वह स्थानीय क्षमता निर्माण में उत्तराखण्ड राज्य एवं आपदा की दृष्टि से संवेदनशील समस्त राज्यों को सहयोग प्रदान करे। संस्थान उत्तराखंड और अन्य पर्वतीय राज्यों को तकनीकी और अन्य प्रकार की सहायता प्रदान करके आपदा प्रबन्धन में उनकी क्षमता विकास में मदद कर सकता है।उल्लेखनीय है कि आपदा प्रबन्धन हेतु क्षमता विकास के लिए वर्ष 1995 में कृषि मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा डॉ० आर. एस टोलिया उत्तराखण्ड प्रशासन अकादमी नैनीताल में आपदा प्रबन्धन प्रकोष्ठ स्थापित किया गया। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान द्वारा आपदाओं के न्यूनीकरण एवं क्षमता विकास हेतु साऊथ कैम्पस गुन्टूर आन्ध्र प्रदेश में स्थापित किया गया है और अब पर्वतीय राज्यों हेतु एक सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अकादमी, नैनीताल में स्थापित करने एवं आपदा प्रबन्धन में क्षमता विकास किए जाने में पूर्ण सहयोग एवं सहायता देने हेतु अपनी सहमति दी गई है। इसके साथ ही अकादमी में आज लगभग 247 लाख रू0 की लागत से किए गए ऑडिटोरियम के उच्चीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया गया जिससे भविष्य में अकादमी में प्रशिक्षण हेतु आने वाले प्रशिक्षु लाभान्वित होगे।कार्यशाला में विधायक सरिता आर्या, पर्यावरणविद् चण्डी प्रसाद भट्ट, वरिष्ठ इतिहासकार शेखर पाठक, भगवती प्रसाद पाण्डे, कुमाऊँ विश्वविद्यालय के कुलपति एन के जोशी, राष्ट्रीय आपदा प्रबन्धन संस्थान के अधिशासी निदेशक ताज हसन, प्रो सन्तोष कुमार, कुमाऊँ मण्डल के आयुक्त दीपक रावत तथा हिमाचल प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर, जम्मू एवं कश्मीर, लद्दाख, असम, मिजोरम, त्रिपुरा, नागालैण्ड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली के विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे।

# एनईपी में मील का पत्थर साबित होगी बालवाटिका : डॉ0 धन सिंह रावत

## केन्द्रीय विद्यालयों में बालवाटिका शुरू करने पर केन्द्रीय शिक्षा मंत्री को दी बधाई

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



**केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने 50 केन्द्रीय विद्यालयों में किया बालवाटिका का शुभारम्भ**

देहरादून, 21 अक्टूबर, राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत देश्भर के 50 केन्द्रीय विद्यालयों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बालवाटिका कक्षाओं का शुभारम्भ करने पर सूबे के शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान को बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनईपी-2020 के तहत बालवाटिका कक्षाओं की शुरूआत देश की शिक्षा प्रणाली में मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने एनईपी-2020 में विशेष मार्गदर्शन के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं एनईपी समिति के चेयरमैन डॉ0 के0 कस्तूरीरंगन का भी आभार जताया।नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने आज देशभर के 50 केन्द्रीय विद्यालयों में बालवाटिका कक्षाओं का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क समिति के सदस्यों एवं शिक्षाविदों का आभार जताते हुये बालवाटिका कक्षाओं को बुनियादी शिक्षा के लिये सबसे अहम बताया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि समिति द्वारा तैयार किया गया पाठ्यक्रम बालवाटिका से कक्षा दो तक के बच्चों के लिये उपयोगी साबित होगा। उन्होंने उत्तराखंड के 4000 से अधिक प्राथमिक विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में बालवाटिका कक्षाओं की शुरूआत किये जाने पर प्रदेश के शिक्षा मंत्री एवं विभागीय अधिकारियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने उम्मीद जताई कि देश के अन्य राज्य भी उत्तराखंड की तर्ज पर प्राथमिक शिक्षा में एनईपी लागू करेंगे। उन्होंने देशभर के विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञों, बुद्धिजीवियों एवं शिक्षाविदों से आह्वान किया कि वह नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पाठ्यक्रम तैयार करने में अपना योगदान दें। उन्होंने यह भी उम्मीद जताई कि एनसीईआरटी समिति द्वारा तैयार किये गये राष्ट्रीय पाठ्यक्रम फ्रेमवर्क को सार्वजनिक डोमेन डालें। उन्होंने विश्वास जताया कि पाठ्यक्रम समिति 21वीं सदी के भारत के निर्माण के लिये एक मजबूत नींव रखने में सफल साबित होगी। प्रदेश के शिक्षा मंत्री डॉ0 धन सिंह रावत ने देशभर के 50 केन्द्रीय विद्यालयों में बालवाटिका कक्षाओं के शुभारम्भ को शिक्षा प्रणाली में एक नई क्रांति का उदय बताया।

उन्होंने कहा कि यह शुरूआत मैकाले की शिक्षा नीति की परिपाटी को बदलने तथा क्षेत्रीय बोली भाषाओं के विकास में अहम साबित होगी। डॉ0 रावत ने कहा कि उत्तराखंड में इसी माह उच्च शिक्षा में भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू कर दी गई है। इसके लिये उन्होंने कैरिकुलम फ्रेमवर्क समिति सहित इस कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले सभी शिक्षाविदों एवं विभगाय अधिकारियों का आभार जताया।

# देहरादून में ठगे 99 हजार, क्रेडिट कार्ड से सेवा हटाने के लिए किया कॉल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क




महिला अपने क्रेडिट कार्ड से गैर जरूरी सेवाओं को निकालने की आड़ में साइबर ठगी का शिकार हो गई। मेघना मित्तल निवासी कौलागढ़ ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दी। कहा कि 10 अक्टूबर को उनके मोबाइल पर एक कॉल आई थी। कॉल करने वाली महिला ने खुद को आईसीआईसीआई बैंक का अधिकारी बताया।

इसके बाद पीड़िता से क्रेडिट कार्ड की जानकारी ली गई। कहा कि उनके क्रेडिट कार्ड से कई गैर-जरूरी सेवाएं जुड़ी हुई हैं। जिसके लिए उन्हें भुगतान करना होगा। पीड़िता ने सेवा समाप्त करने की मांग की। फोन करने वाले ने कुछ ओटीपी भेजे।

पीड़िता ने ओटीपी फोन करने वाली महिला को बताई। इसके बाद उनके बैंक खाते से 99,210 रुपये काट लिए गए।साइबर क्राइम थाने से उसकी तहरीर कैंट थाने भिजवाई गई। निरीक्षक छावनी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जा रही है.

# शेफ डे पर जिला कारागार में बंदियों के लिए बनाया भोजन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून, 21 अक्टूबर, लायंस क्लब ग्रीन वैली विकासनगर एवं तेजस्वनी चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से इंटरनेशनल शेफ के के उपलक्ष में जिला कारागार देहरादून में सभी बन्दियों के लिए कारागार प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये गये राशन से भोजन को बनाकर उनको भोजन कराया गया इस मौके पर शेफ दीपा चावला, प्रिया गुलाटी एवं होम शेफ किरन शाह के नेतृत्व में सभी बन्दियों के लिए भोजन की व्यवस्था की गयी जिसमे मौके पर आलू बैंगन की सब्जी, दाल, चावल रोटी एवं हलवा बनाकर सभी बंदियों को खिलाया गया। इस मौके पर कारापाल श्री पवन कोठारी ने कहा कि कारागार में इस तरह के आयोजन समय-समय पर होते रहते है जिससे बन्दियों को रोजमर्रा के जीवन से कुछ बदलाव मिल जाता है, वहीं इस प्रकार के आयोजन से बन्दियों में खुशियां बांटी जाती है। लायंस क्लब की शेफ दीपा चावला ने कहा कि, शेफ डे पर क्लब की ओर से यह निश्चित किया गया कि इस बार कुछ अलग किया जाय ऐसे में बन्दियों को खुशी देने से ज्यादा क्या होता जिस क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया वही महिला बन्दियों के लिए भविष्य की योजनाओं पर प्रिया गुलाटी ने कारापाल पवन कोठारी से विस्तार से चर्चा की। इस मौके पर रीना चावला. टीना कौर दीना चंदोक विन्नी बजाज, वंदना शर्मा, अंजू सकलानी, अंशुमाला राणा शालू चुप, मोहिनी नौटियाल, अक्षय शाह एवं रेनु कोठारी आदि मौजूद रहे।

दैनिक
न्यूज वायरस
न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, मेरठ के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक मौ. सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से मुद्रित एवं 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून (उत्तराखंड) से प्रकाशित।
सम्पादक: मौ. सलीम सैफी
कार्यकारी सम्पादक आशीष तिवारी
दूरभाष: 0135-2672002
email-dainiknewsvirus@gmail.com
RNI No.- UTTHIN/2012/44094
वाद-विवाद का न्याय क्षेत्र देहरादून न्यायालय मान्य होगा